

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 23 सितंबर 2025

14 देवालयों व पंडालों में विराजित हुईं मां दुर्गा,...



14 सुहेला में 51 दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना





# चितावर धाम में जगमगाए 217 मनोकामना ज्योति कलश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

ग्राम पंचायत मुसवाडीह अंतर्गत स्थित चितावर धाम में इस वर्ष नवरात्रि महोत्सव बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया जा रहा है। मंदिर परिसर में भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं, जिनकी संख्या इस बार कुल 217 रही। इसमें 188 कलश तेल से तथा 29 कलश घी से प्रज्वलित किए गए। मां भवानी की उपासना और आस्था का यह अद्भुत दृश्य पूरे धाम में एक दिव्य आभा बिखेर रहा है।

सैकड़ों दीपों की लौ से वातावरण न केवल आलोकित हुआ बल्कि भक्तों की श्रद्धा और विश्वास भी झलक रहा है। कलश प्रज्वलन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और माता रानी के जयकारों से संपूर्ण धाम गूंज उठा। नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन सुबह-शाम विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालु अपनी-अपनी मनोकामना पूरी होने की आशा से इन ज्योति कलशों की स्थापना करते हैं। यहां का माहौल भक्तिमय बन चुका है और हर कोई मां भवानी की कृपा प्राप्त करने की कामना कर रहा है। आयोजकों का कहना है कि इस वर्ष भक्तों का उत्साह पिछले वर्षों की तुलना में अधिक देखने को ▶▶ शेष पेज 13 पर



## अंचल में गूंजा जय माता दी के जयकारा

**हिरमी रावन ।** मोहरा, हिरमी, बरडीह, भालेसूर और मुस्वाडीह सहित पूरे अंचल में सोमवार को नवरात्रि पर्व के अवसर पर माता दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ की गई। सुबह से ही भक्तों में भारी उत्साह देखने को मिला। जय माता दी के गगनभेदी नारों और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच शोभायात्राओं के साथ मां की प्रतिमाओं को पंडालों में स्थापित किया गया। स्थानीय महिला मंडल और युवाओं ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। जगह-जगह माता की ज्योति प्रज्वलित कर कलश स्थापना की गई, वहीं रंग-बिरंगी सजावट और आकर्षक रोशनी से पंडालों को सजाया गया। गांवों के मुख्य मार्गों पर तोरणद्वार बनाए गए हैं, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा। प्रतिमा स्थापना के बाद शाम को भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। आने वाले दिनों में रात्रि जागरण और गरबा नृत्य का ▶▶ शेष पेज 13 पर

## नवरात्रि विशेष



### द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-

दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

## कार्रवाई : कुम्हारी से शुरू हुई कार्रवाई, ओडिशा तक पहुंची

# गांजा तस्करी का नेटवर्क ध्वस्त, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देश में थाना लवन पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान कुल 13.848 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया, जिसकी बाज़ार कीमत 1,66,176 आँकी गई है।

पकड़े गए आरोपियों में उड़ीसा से सप्लाई करने वाला एक युवक भी शामिल है। गांव से शहर तक फैला था सप्लाई नेटवर्क 19 सितंबर को थाना लवन की पुलिस टीम को सूचना मिली कि ग्राम कुम्हारी में गांजा की अवैध बिक्री की जा रही है। टीम ने तुरंत दबिश देकर आरोपी केशव प्रसाद साहू को गांजे के साथ रंगे हाथ पकड़ा। उसके घर की तलाशी में सेलो टेप से पैक गांजा बरामद हुआ। विधिवत तौल करने पर यह मात्रा 13.848 किलोग्राम निकली। पूछताछ के दौरान केशव ने गांजा सप्लाई से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी दी, जिसके आधार पर पुलिस ने घनश्याम साव (महासमुंद), अमित काटले (बेमेतरा) और रोनू नाईक (बलांगीर, उड़ीसा) को भी गिरफ्तार किया। रोनू नाईक इस नेटवर्क में सप्लायर की भूमिका में था और ओडिशा से गांजा पहुंचा रहा था।

### आरोपियों के नाम

- केशव प्रसाद साहू (31) निवासी ग्राम कुम्हारी थाना लवन
- घनश्याम साव (37) निवासी भैरोपुर थाना सांकरा जिला महासमुंद
- रोनू नाईक (19) निवासी ग्राम जोगीमुण्डा थाना पटनागढ़ जिला बलांगीर उड़ीसा
- अमित काटले (33) निवासी संबलपुर थाना नवागढ़

### 1.66 लाख का गांजा बरामद, एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज



### विवेचना में खुली तस्करी की परतें

इस पूरे प्रकरण में पुलिस ने एंड टू एंड (सप्लाई से लेकर बिक्री तक) चैनल को ट्रेस करते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया। सभी आरोपियों के खिलाफ थाना लवन में अपराध क्रमांक 370/2025 के तहत धारा 20बी, 29 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल, पुलिस मामले की गहराई से विवेचना कर रही है।

## नवरात्र पर मिला खास तोहफा, चार सहायक उपनिरीक्षक बने उप निरीक्षक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नवरात्र पर्व के शुभ अवसर पर बलौदाबाजार जिले की पुलिस व्यवस्था को चार और अनुभवी उप निरीक्षक मिल गए हैं। सहायक उपनिरीक्षक जगसिंह ठाकुर, ईश्वर टोप्पो, गोकुल पटेल एवं श्रवण नेताम को आज पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने उनके कंधे पर दो-स्टार लगाकर उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति दी। यह क्षण इन पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों के लिए गर्व और सम्मान से भरा रहा।वर्तमान में उप निरीक्षक जगसिंह ठाकुर थाना लवन, ईश्वर टोप्पो थाना भाटापारा ग्रामीण, गोकुल पटेल प्रभारी पुलिस सहायता केंद्र निपनिया एवं श्रवण नेताम थाना भाटापारा ग्रामीण में पदस्थ होकर अपनी सेवाएं दे रहे है। इस दौरान पदोन्नति कार्यक्रम में राजेश श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक रीना कुजूर, सी.तिर्की एवं योगिता बाली खापर्डे, स्टेनो मनीष चौबे सहित पुलिस कार्यालय के स्टाफ तथा उपनिरीक्षक जग सिंह ठाकुर, ईश्वर टोप्पो, गोकुल पटेल एवं श्रवण नेताम के परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

- एसपी भावना गुप्ता ने कंधे पर लगाए स्टार, पदोन्नति की दी शुभकामनाएं

## खबर संक्षेप

### भाटापारा को मिली एक और स्पेशल ट्रेन

**भाटापारा।** इतवारी से जयनगर के लिए चलेगी साप्ताहिक दिवाली छठ स्पेशल ट्रेन 08869 इतवारी से प्रत्येक गुरुवार 16, 23, 30 अक्टूबर और 6 नवंबर को दोपहर 11 बजे रवाना होगी और भाटापारा शाम 4 बजकर 55 मिनट को आएगी तथा अगले दिन रात में साढ़े 10 बजे जयनगर पहुंचेगी। 08870 जयनगर से प्रत्येक शनिवार 18 ,25 अक्टूबर,1 और 8 नवंबर को रात्रि साढ़े 12 बजे रवाना होगी एवं रविवार की अल सुबह 6 बजकर 10 मिनट को भाटापारा आएगी तथा दोपहर 2 बजे इतवारी पहुंचेगी।

## पोस्टमार्टम विवाद

# डॉक्टर पर कार्रवाई के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शव का दोबारा पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर पर 15 दिन बीत जाने के बाद भी कार्यवाही नहीं होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम पलारी एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही के लिए के आग्रह किया है,गौरतलब हो कि 7 सितम्बर 2025 दिन रविवार को कुलेश्वर उर्फ कपिल साहू 21 वर्ष ग्राम बिनौरी थाना पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) का तालाब में डूबने से मृत्यु हो गया है।

जिसका विधिवत नियमानुसार एक पोस्टमार्टम होने के उपरान्त डॉ. उमरताज कुरैशी के द्वारा फिर से पोस्टमार्टम करना एवं अनावश्यक रुप से मानव अंग (बीसरा) निकाला जाना एक अमानवीय कृत्य है। उपरोक्त की शिकायत जिलाधीश महोदय के समक्ष की जा चुकी है एवं जांच अधिकारी द्वारा जांच कर जिला सीएचएमओ बलौदाबाजार को सौंपा जा चुका है। परन्तु 22 सितम्बर को इस संबंध में कोई भी कार्यवाही नहीं किया गया है। विषय की गंभीरता को देखते हुए मृतक के परिजनों ने न्याय दिलाने के लिए आवेदन दिया है। जिसमें ललित साहू, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, बिसौहा वर्मा, प्रदीप कुर्रे, नरेंद्र वर्मा, ▶▶ शेष पेज 13 पर

- दोबारा पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर पर 15 दिन बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, ग्रामीणों में आक्रोश

## अवैध शराब बिक्री करते 2 आरोपी गिरफ्तार 100 पाव जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में संचालित "समाधान सेल" की सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस ने बलौदाबाजार-रिसदा रोड पर घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बेच रहे दो आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपियों से 100 पाव गोवा स्पेशल व्हिस्की, 3400 नकद तथा परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (सीजी 22 जी 0332) जब्त की गई।

आरोपियों के नाम शंकर यादव (20) और राजेंद्र पाडे (18 वर्ष 4 माह) निवासी भक्ति नगर हैं। उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई जारी है। पुलिस ने नागरिकों से "समाधान सेल" हेल्पलाइन पर शिकायत देने की अपील की है।

## रन फॉर आयुर्वेदा का आयोजन आज

**बलौदाबाजार** | आयुर्वेद दिवस के अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में 23 सितम्बर 2025 को जिला स्तरीय रन फॉर आयुर्वेदा का आयोजन आयुष विभाग बलौदाबाजार द्वारा किया जाएगा। यह आयोजन पण्डित चक्रपाणी शुक्ल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार के खेल मैदान में सुबह 7 बजे से प्रारंभ होगा। आयुष औषधालयो में निःशुल्क आयुष चिकित्सा एवं परामर्श शिविर जिले अंतर्गत संचालित आयुष औषधालयों में दोपहर 12 बजे से शाम 4 तक तथा आयुर्विद्या के तहत आयुर्वेद जागरूकता दिनचर्या, ऋतुचर्या, ब्राम्हमुहूर्त, औषधि पेड़ पौधों की जानकारी, प्रकृति परीक्षण औषधालय भम्रण, योगाभ्यास जिले अंतर्गत संचालित स्कूलों में दोपहर 12 बजे से शाम 4 तक आयोजित किया जाएगा।






# अतिरिक्त विषय का विकल्प समाप्त, गणित और विज्ञान संग नहीं पढ़ पाएंगे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

सीबीएसई ने परीक्षा संबंधित एक बड़ा बदलाव किया है, जिससे हजारों छात्रों की प्लानिंग पर असर पड़ सकता है। अब तक प्राइवेट कैंडिडेट्स के पास क्लास 10 और 12 में एडिशनल सब्जेक्ट लेने का ऑप्शन था। यानी बारहवीं पास करने के बाद छात्र अगले दो सालों तक कोई नया विषय चुनकर उसका एग्जाम दे सकते थे। कई बच्चों ने इसका इस्तेमाल कर अपने करियर की दिशा बदली। जैसे, बायोलॉजी पढ़ने वाला छात्र बाद में मैथ्स लेकर जेईई की तैयारी कर लेता था, लेकिन अब 2026 से ये रास्ता बंद हो जाएगा।

बोर्ड का कहना है कि प्राइवेट बच्चों को इंटरनल असेसमेंट देना संभव नहीं है, जबकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में आंतरिक मूल्यांकन अनिवार्य है। सीबीएसई के अनुसार, प्राइवेट कैंडिडेट्स को एडिशनल सब्जेक्ट में इंटरनल असेसमेंट के नंबर देना मुश्किल होता है। बोर्ड का फोकस केवल परीक्षा कराने पर नहीं, बल्कि स्कूलिंग के पूरे अनुभव पर है। इसी वजह से 2026 से इस विकल्प को हटा दिया गया है।

## 12वीं पास करने के बाद नया विषय चुनकर फिर से दिला सकते थे परीक्षा

### दसवीं में अपेक्षाकृत कम छात्र

सीबीएसई के आंकड़ों के मुताबिक, 2025 की परीक्षा में 2768 छात्रों ने अतिरिक्त विषय के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था. इनमें से 2161 स्टूडेंट्स (78%) परीक्षा में बैठे थे। वहीं 2024 में ये संख्या थोड़ी कम रही। उस साल 2225 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया था और 1657 (74%) ने परीक्षा दी थी।वहीं क्लास 10 में भी छात्र इस विकल्प का फायदा उठा रहे थे। 2025 में 375 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया और 311 ने परीक्षा दी। वहीं 2024 में 330 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनमें से 267 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए।




### ऐसे मिलता था फायदा

अब तक क्लास 12 पास करने के बाद छात्रों को दो साल तक किसी अतिरिक्त विषय की परीक्षा देने का मौका मिलता था। उदाहरण के तौर पर, अगर किसी छात्र ने 11वीं-12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी ली थी, तो वह अगले साल मैथ्स का पेपर देकर जेईई जैसी परीक्षाओं में शामिल हो सकता था। कक्षा-12वीं के लिए सिर्फ एक अतिरिक्त विषय का ऑप्शन था, जबकि क्लास 10 में छात्र दो विषय तक चुन सकते थे, लेकिन शर्त ये थी कि उन विषयों में प्रोजेक्ट वर्क हो सकता था, प्रैक्टिकल नहीं।

## खबर संक्षेप

### कबीर आश्रम में रहने वाले शख्स से मारपीट

**महासमुंद।** केंदूढार सरायपाली स्थित कबीर आश्रम में रहने वाले एक व्यक्ति के साथ तीन लोगों नेमारपीट कर दी। पुलिस को हरीशचंद्र निवासी मकान नं 37 मंदिर कबीरदास ग्राम हरपुर थाना महुली जिला संतकबीरनगर उत्तरप्रदेश ने बताया कि वह ग्राम केंदूढार सरायपाली में स्थित कबीर आश्रम के संचालक महंत हेमदास साहब की 12 सितंबर 2025 को मृत्यु होने की सूचना पर डिग्रीलाल साकरे, रामकुमार साकरे के निवेदन पर 19 सितंबर 2025 को कबीर आश्रम केंदूढार सरायपाली में आकर रह रहा है। 21 सितंबर की सुबह करीबन 10.30 बजे आरोपी मनीष विशाल, खिलेश दास, घनश्याम चौहान तुम यहां क्यों आये हो, आश्रम से भाग जाओ, नहीं भागोगे तो तुम्हारी भी खैर नहीं रहेगी और मारे भी जाओगे कहते हुए मोबाइल को छीन कर रिकार्डिंग डिलीट कर फार्मेट कर दिया। मौके पर उपस्थित उपसरपंच धनेश साहू ने लखनमुनि को फोन कर बुलाया। लखनमुनि लखनमुनि के आश्रम आने पर उक्त तीनों लड़कों ने फिर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मीटिंग के दौरान मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम केंदूढार में कबीर आश्रम को लेकर चल रही मीटिंग के दौरान मारपीट के मामले में उपसरपंच के खिलाफ सरायपाली थाने में मामला दर्ज कराई गई है। पुलिस को प्रार्थी डिग्रीलाल ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि ग्राम केंदूढार में रोड किनारे मेरे पूर्वजों द्वारा सदगुरु कबीर आश्रम के नाम से आठ एकड़ भूमि दान दी गई है। उस आश्रम की देखरेख हेमदास महंत करते थे, जिनकी मृत्यु 12 सितंबर को रायपुर के निजी अस्पताल में हो गई। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि गांव का उपसरपंच धनेश कुमार साहू अपने कुछ साथियों के साथ मिल कर तरेकेला के लखनमुनि को आश्रम में बैठाना चाहता था, इस संबंध में उपसरपंच धनेश कुमार साहू द्वारा गांव में 20 सितंबर की सुबह 10 बजे मीटिंग रखा था, जिसमें वह भी गया था। मीटिंग में आश्रम के लिए उसने भी अपनी बात रखी, लेकिन मेरी बात को कोई सुनने को तैयार नही था, जब वह वहां से जाने लगा, तब मुझे आरोपी धनेश साहू द्वारा गाली देकर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की गई। मामले में आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### सिंधी समाज और शिवसेना कार्यकर्ताओं ने अभिषेक का किया स्वागत

**रायपुर।** एनडीए और शिवसेना के राष्ट्रीय समन्वयक अभिषेक वर्मा का विशेष विमान से दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर रविवार को रायपुर आगमन हुआ। विमानतल पर बड़ी संख्या में सिंधी समाज के प्रतिनिधियों और शिवसेना कार्यकर्ताओं द्वारा उनका फूलमालाओं और ढोल-नगाड़ों से स्वागत किया गया। इसी दौरान सभी सदस्यों द्वारा परिचय करते हुए संपादित कार्यों की जानकारी साझा की और छत्तीसगढ़ यात्रा की सफलता के लिए एक स्मृति चिन्ह भेंट किया। सिंधु शक्ति के संस्थापक किशोर आहूजा ने बताया कि स्वागत करने वालों में सांई उदयलाल, सीए संगठन के पूर्व अध्यक्ष सीए चेतन तारवानी, वरिष्ठ समाजसेवी और अभिषेक वर्मा के पारिवारिक मित्र अमित जीवन, छग शिवसेना प्रमुख धनंजय परिहार, मधुकर पांडे एवं अन्य पदाधिकारी विशेष रूप मौजूद रहे।

### पितृ अमावस्या पर वृद्धाश्रम में किया बुजुर्गों का सम्मान

**रायपुर।** भाजपा सिविल लाइंस मंडल रायपुर दक्षिण विधानसभा पर सेवा पखवाड़ा में बढ़ते कदम में वृद्धाश्रम के बुजुर्गों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर विधायक सुनील सोनी ने कहा, पितृ अमावस्या पर बुजुर्गों का आशीर्वाद लेने आया हूं, आप के जीवन में किसी भी प्रकार की समस्या न रहे, आप की लंबी आयु की कामना करता हूं। बीजेपी जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, सिविल लाइंस मंडल अध्यक्ष सुनील कुकरेजा ने स्वागत भाषण दिया।

# युकां-एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर एट्रोसिटी एक्ट, विरोध में फूंका गृहमंत्री का पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

विरोध-प्रदर्शन कर रहे युवक कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के खिलाफ एट्रोसिटी एक्ट लगाए जाने के विरोध में रविवार को प्रदेशव्यापी प्रदर्शन हुआ। बस्तर ओलंपियाड में घोटाले का आरोप लगाते हुए यूथ कांग्रेस द्वारा शुक्रवार को विरोध-प्रदर्शन किया गया था। इसमें एनएसयूआई कार्यकर्ता भी शामिल थे। यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला सहित एनएसयूआई सचिव कुणाल दुबे, तारिक खान, संस्कार पांडे सहित अन्य के खिलाफ एट्रोसिटी एक्ट लगाया गया है। गौरतलब है कि एट्रोसिटी एक्ट को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के नाम से भी जाना जाता है। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आरोप है गृहमंत्री के आदेश पर उनके खिलाफ सामान्य विरोध-प्रदर्शन करने पर भी ये धाराएं लगाई गई हैं। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला फूंका। नाराजगी जताते हुए यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई ने कहा, एट्रोसिटी एक्ट में झूठा मुकदमा दर्ज करवाना चिंताजनक है। यह एक तरह का राजनीतिक प्रतिशोध है। पुलिस भी सत्ता के दबाव में आकर लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने में लगी है।

## नये अध्यक्ष पद्मश्री डा. बीके जैन ने किया एम्स का दौरा, मरीजों से संवाद भी

# रिनल ट्रांसप्लांट के पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड, सीबीसीटी यूनिट का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रिनल ट्रांसप्लांट के मरीजों की बेहतर निगरानी के लिए पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड के दांतों के एक्सरे के लिए सीबीसीटी यूनिट का लोकार्पण एम्स के नये अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. बीके जैन ने किया। इसके अलावा पीडियाट्रिक सर्जरी, नेत्र विज्ञान एवं नेफ्रोलॉजी ओपीडी की शुरुआत भी उन्होंने की। डा. जैन ने हाल ही में एम्स के नये अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला है।

■ पीडियाट्रिक सर्जरी, नेत्र विज्ञान एवं नेफ्रोलॉजी ओपीडी की शुरुआत भी

प्रख्यात नेत्र विशेषज्ञ एवं दूरदर्शी समाज सुधारक डॉ. बीके जैन ने 18 से 20 सितंबर तक एम्स का तीन दिवसीय दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ट्रॉमा और इमरजेंसी, क्रिटिकल केयर, आर्थोपेडिक्स तथा जनरल सर्जरी जैसे प्रमुख विभागों का भ्रमण किया और भर्ती मरीजों से बातचीत कर अनुभवों को समझा। उन्हें आपातकालीन देखभाल हेतु अभिनव "भीष्म क्यूब्स" के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने सिमुलेशन लैब का निरीक्षण किया और संस्थान की पेशेंट सेफ्टी कमेटी द्वारा तैयार पेशेंट सेफ्टी हैंडबुक का विमोचन भी किया। निरीक्षण अवधि के दौरान उन्होंने रिनल ट्रांसप्लांट सुविधा के साथ पीडियाट्रिक सर्जरी एवं नेत्र विज्ञान वाड्र्स, नेत्र विज्ञान एवं नेफ्रोलॉजी ओपीडी, तथा डेंटिस्ट्री में कोन बीम कम्प्यूटेड टोमोग्राफी (सीबीसीटी) यूनिट का लोकार्पण किया। साथ फैकल्टी सदस्यों के साथ एम्स रायपुर के भावी रोडमैप पर चर्चा की।



### कई पुरस्कारों से नवाजे गए डा. जैन

डॉ. बीके जैन ग्रामीण नेत्र देखभाल और सामुदायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में पांच दशकों से अधिक के अग्रणी कार्य के लिए विख्यात हैं। मध्यप्रदेश के चित्रकूट स्थित सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय और जानकीकुंड चिकित्सालय के निदेशक के रूप में उन्होंने इन संस्थानों को सामुदायिक नेत्र विज्ञान का वैश्विक मॉडल बनाया। उनके नेतृत्व में ट्रस्ट प्रतिवर्ष 2,16,000 से अधिक नेत्र शल्य क्रियाएं कर रहा है। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित डॉ. जैन को एआईओएस लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, ग्लोरी ऑफ इंडिया अवॉर्ड, स्पिरिट ऑफ ह्यूमैनिटी अवॉर्ड शामिल है। मई 2025 में उन्हें ग्रामीण नेत्र देखभाल और सामाजिक सेवा में असाधारण योगदान के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया। जून 2025 में उन्हें हिप्पोक्रेट्स लेगेसी अवॉर्ड भी प्रदान किया गया, जो रोके जा सकने वाले अंधत्व की रोकथाम के लिए उनके आजीवन समर्पण का प्रतीक है।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए आरपीएफ पोस्ट प्रभारी कर्मपाल सिंह सम्मानित



**रायपुर।** रेलवे सुरक्षा बल स्थापना दिवस के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा रिजर्व लाइन, बैरक प्रांगण स्थित मैदान पर रेलवे सुरक्षा बल स्थापना दिवस-2025 समारोह मनाया गया। इस अवसर पर मुनव्वर खुर्शीद, महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेसुब बिलासपुर द्वारा परेड की सलामी ली गई। उन्होंने बल के सदस्यों का सुरक्षा सम्मेलन लेकर उन्हें ईमानदारी तथा निष्ठापूर्वक कर्तव्य निर्वहन तथा कार्य के दौरान तकनीकों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान रायपुर पोस्ट प्रभारी निरीक्षक कर्मपाल सिंह गुर्जर को यात्रियों के हित में सराहनीय कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया। इसके साथ अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 40 अधिकारियों तथा बल के सदस्यों को उनके सराहनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर वृक्षारोपण किया गया। आरपीएफ के 50 से अधिक अधिकारी और बल सदस्यों द्वारा रेलवे अस्पताल, बिलासपुर में रक्तदान किया गया। इस दौरान महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेसुब, उप महानिरीक्षक-सह-मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेसुब, बिलासपुर, वरिष्ट मंडल सुरक्षा आयुक्त/रेसुब बिलासपुर की उपस्थिति में मुख्यालय एवं मंडल के सहायक सुरक्षा आयुक्त/रेसुब तथा रेलवे सुरक्षा बल के अन्य अधिकारी एवं स्टॉफ उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ सम्मान समाज में शिक्षक की भूमिका पर विचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोपालपुर

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ बिलाईगढ़ द्वारा 21 सितम्बर को गोपालपुर में सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सत्र 2024 एवं 2025 में सेवानिवृत्त हुए 31 शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी जे.आर. डहरिया, अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस.एन. साहू तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ओंकार सिंह ठाकुर, भुवनेश्वर देवांगन, एफ.एस. नेताम एवं तरुण राठौर उपस्थित रहे।

समारोह की शुरुआत मां सरस्वती एवं राधाकृष्णन के चित्र पर पूजन-अर्चन से हुई। बी.एल. चंद्राकर ने शिक्षक संघ के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। भगवान प्रसाद दुबे ने शिक्षक सम्मान की महत्ता बताई। सेवानिवृत्त शिक्षक पंचराम साहू ने कहा कि शिक्षक का कार्य केवल शिक्षा देना नहीं बल्कि समाज को जोड़ना भी है। आर.डी. साहू ने बच्चों में संस्कार व संस्कृति के संरक्षण पर जोर दिया। मुख्य अतिथि डहरिया ने शिक्षकों को समाज का दर्पण बताते हुए सेवानिवृत्त शिक्षकों को सहमति से पुनः विद्यालयों में योगदान देने का सुझाव दिया। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों को मिलने वाली राशि का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने का आश्वासन भी दिया। संचालन बुद्धेश्वर कुमार कश्यप और आभार प्रदर्शन भगवान प्रसाद दुबे ने किया। बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### बस्तर दशहरा में शामिल होने 4 अक्टूबर को आएंगे केंद्रीय मंत्री शाह



**रायपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 4 अक्टूबर को राज्य के दौरे पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 4 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे और बस्तर के प्रसिद्ध दशहरा उत्सव में हिस्सा लेंगे। वे विशेष रूप से मुरिया दरबार में शिरकत करेंगे, जो इस 75 दिनों तक चलने वाले ऐतिहासिक आयोजन का केंद्रीय हिस्सा है। बस्तर दशहरा, जो जगदलपुर में आयोजित होता है। आदिवासी परंपराओं और रीति-रिवाजों से जुड़ा 600 वर्ष पुराना उत्सव है। यह नक्सलवाद से मुक्त बस्तर की शांति और सांस्कृतिक पुनरुत्थान का प्रतीक बन चुका है। शर्मा ने कहा, गृहमंत्री का यह दौरा बस्तर के लिए ऐतिहासिक होगा। बस्तर अब नक्सलवाद की गिरफ्त से मुक्त होकर शांति और खुशी से अपने त्योहार मना रहा है।

■ मुरिया दरबार में करेंगे शिरकत

# शिविर लगाकर 5 दिन में 4 लाख लोगों की स्वास्थ्य जांच, इनमें 2.80 लाख महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के बीते 5 दिन में शिविर लगाकर 4 लाख लोगों की जांच की गई, जिसमें 2.80 लाख महिलाएं शामिल हैं। इसके लिए प्रदेशभर में 10 हजार शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर और सिकल सेल जैसी गंभीर बीमारियों की जांच के साथ गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच और बच्चों का टीकाकरण प्राथमिकता में रखा गया।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की पहल "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" छत्तीसगढ़ में लगातार नई सफलताएं अर्जित कर रहा है। बीते तीन दिनों में प्रदेशभर में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से लगभग 3 लाख 98 हजार 542 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इनमें से 2 लाख 80 हजार 204 महिलाएं शामिल हैं। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान अब तक 10 हजार से अधिक शिविरों में 1 लाख 10 हजार लोगों की एनीमिया जांच की गई। अभियान के दौरान उपचार और स्क्रीनिंग के साथ महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जागरूकता पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।



■ स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान, 10 हजार शिविरों का आयोजन

शिविरों में महिला स्वास्थ्यकर्मियों और विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं को संतुलित आहार, आयरन एवं फोलिक एसिड की खुराक, स्वच्छता एवं जीवनशैली सुधार के संबंध में परामर्श प्रदान किया जा रहा है। इससे यह सुनिश्चित हो रहा है कि महिलाएं केवल जांच तक सीमित न रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित हों। इस अवधि में 33,773 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, 72,610 की सिकल सेल स्क्रीनिंग, 71,985 की टीबी जांच तथा 13,884 बच्चों का टीकाकरण किया गया।

### विद्यादान, मयूरी डोंगरे का सम्मान



'प्रोजेक्ट छांव' के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्मृति पुस्तकालय के लिए विभिन्न तरह की किताबों का दान मयूरी डोंगरे ने किया। उनके इस कार्य के लिए कुलपति सच्चिदानंद शुक्ला ने प्रमाणपत्र देकर उनका सम्मान किया। स्मृति पुस्तकालय योजना के तहत विभिन्न लोगों द्वारा काफी संख्या में पुस्तकों का दान किया है।

## मंदिर हसौद के होटल में लेकर पहुंचे दूसरे राज्य की विस्की

# कपल्स का होटल में उत्पात, दूसरे राज्य की शराब लेकर आए, पुलिस ने एफआईआर की, आबकारी खामोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के निजी होटल में दो कपल्स ने जमकर उत्पात मचाया है। कपल्स होटल के भीतर अन्य राज्यों की शराब और बियर की पेटी लेकर पहुंचे थे। जब होटल के मैनेजर और सिक्योरिटी इंचार्ज ने उन्हें नियम का हवाला दिया, तो दोनों कपल्स ने हुज्जत बाजी और गाली गलौज शुरू कर दी। इसके बाद होटल प्रबंधन ने मामले की शिकायत तेलीबांधा पुलिस और आबकारी विभाग से की। पुलिस ने मामले में खानापूर्ति करते हुए केस दर्ज कर लिया, तो



दूसरी और आबकारी विभाग ने इस मामले में कोई भी कार्रवाई नहीं की। पुलिस सूत्रों के अनुसार भिलाई निवासी मनवीर सिंह गुरप्रीत सिंह, माहिन हीरा और आकांक्षा शर्मा 17 सितंबर को निजी होटल पहुंचे थे।

### युवती ने ऑनलाइन बुक कराया था कमरा

सूत्रों के मुताबिक युवती माहिन हीरा ने 16 सितंबर को 17 और 18 सितंबर के लिए ऑनलाइन दो कमरा बुक कराया था। होटल की तरफ से कमरा नंबर 308 और 309 उन्हें दिया गया था। युवती ने कमरे बुक करते समय कपल्स के होने की जानकारी नहीं दी थी। उसने पहला कमरा अपने और आकांक्षा के लिए तथा दूसरा कमरा मनवीर और गुरप्रीत के लिए बुक कराया था। चेक इन करते समय वे कपल्स के हिसाब से कमरे में चले गए थे।

### ... इसलिए कार्रवाई नहीं

*आबकारी अमले के पहुंचने से पहले पुलिस ने अपने कब्जे में शराब और आरोपियों को ले लिया था, इसलिए हमारी ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई के लिए शराब और आरोपियों का होना जरूरी है।*

*- **राजेश शर्मा**, उपायुक्त, आबकारी विभाग*

### निर्धारित मात्रा से अधिक नहीं है शराब

*मामले में चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर गालीगलौज और शांति भंग करने की धाराओं में उनकी गिरफ्तारी की गई है। आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज करने के लिए निर्धारित मात्रा से अधिक का शराब होना जरूरी है।*

*- **आशीष यादव**, थाना प्रभारी, मंदिर हसौद थाना*

# एयरपोर्ट मार्ग पर मिले दो दर्जन कटे हुए ट्रॉली बैग, शरारत या साजिश!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एक्सप्रेस वे से स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट मार्ग पर लावारिश हालत में दो दर्जन से ज्यादा कटे हुए ट्रॉली बैग मिलने से हड़कंप मच गया है। लावारिश हालत में बैग मिलने की घटना को माना पुलिस किसी गंभीर अपराधिक षड़यंत्र मानकर जांच कर रही है। शुरुआती जांच में अब तक पुलिस को किसी प्रकार की सफलता नहीं मिली है। जांच करने डॉग स्कवाड के साथ फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन उन्हें भी जांच में किसी प्रकार से सफलता नहीं मिली है। तालाब किनारे जो बैग मिले हैं, वह नए हैं। बैग को ब्लेड से काटा गया है। इस वजह से बैग को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं की जा रही हैं।

■ डॉग सक्वाड के साथ फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को नहीं मिली सफलता

बैग को लेकर आशंका व्यक्त की जा रही थी कि बैग का इस्तेमाल गांजा या किसी प्रकार के नशीली पदार्थ ले जाने के लिए किया गया हो सकता है। फोरेंसिक जांच में बैग में किसी प्रकार के मादक पदार्थ भरे जाने की पुष्टि नहीं हुई है। जहां बैग मिला है, उसके पांच सौ मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार से कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है। इस वजह से बैग फेंकने वाले की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। बैग को लेकर हवाला के कैस कलेक्शन से जोड़कर देखा जा रहा है। इस संबंध में पुलिस अफसरों से संपर्क करने पर उनका कहना है कि उनकी प्रथमिकता बैग फेंकने वाले की तलाश करना है। बैग मिलने की पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है।



## खबर संक्षेप

### अग्निवीर लिखित परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण

**बलौदाबाजार** । थल सेना में अग्निवीर भर्ती परीक्षा के लिखित परीक्षा उत्तीर्ण जिले के अभ्यर्थियों के लिए जिला रोजगार कार्यालय द्वारा निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक आवेदक 3 अक्टूबर 2025 तक अग्निवीर थल सेना के ऑनलाईन पंजीयन फार्म, आधार कार्ड के साथ जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार में उपस्थित होकर अपना नाम दर्ज करा सकते है। अग्निवीर योजना एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम से सम्बधित जानकारी के लिए अभ्यर्थी कार्यालय दूरभाष नम्बर पर सम्पर्क कर सकते है।

### कृत्रिम अंग मापन शिविर 24 को

**बलौदाबाजार** । रजत जयंती वर्ष एवं सेवा पखवाड़ा के अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न दिव्यांगजनों हेतु दिव्यांगता प्रमाण पत्र, पंजीयन, कृत्रिम अंग एवं उपकरण मापन व चिन्हाकन शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह शिविर बुधवार 24 सितम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे से नगर भवन बलौदाबाजार में आयोजित होगी। शिविर में दिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र (मेडिकल सर्टिफिकेट) एवं जिनका दिव्यांग प्रमाण पत्र पूर्व से बना है उनका यूडीआईडी पंजीयन किया जायेगा तथा उनको यूडीआईडी कार्ड का पीडीएफ तत्काल प्रदाय किया जाएगा। दिव्यांग प्रमाण पत्र हेतु दिव्यांगता दर्शित पासपोर्ट फोटो, आधार कार्ड एवं मोबाईल नंबर तथा यूडीआईडी कार्ड के लिए उक्त दस्तावेजों के साथ दिव्यांगता प्रमाण पत्र की छायाप्रति की आवश्यकता होगी।

## पेज 11 के शेष

### चितावर धाम में...

मिल रहा है। मंदिर समिति और ग्रामीणजन मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने में लगे हुए हैं। पूरे आयोजन की व्यवस्था सुव्यवस्थित ढंग से की गई है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि नवरात्रि के पावन पर्व पर यहां दूर-दराज से श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच रहे हैं और भक्ति रस में डूब रहे हैं। इस प्रकार चितावर धाम में स्थापित 217 मनोकामना ज्योति कलश आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बन गए हैं।

### अंचल में गूंजा ....

आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल होकर माता की आराधना करेंगे। शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रशासन एवं ग्रामवासी मिलकर विशेष व्यवस्था कर रहे हैं। भक्त मां दुर्गा से सुख-समृद्धि और गांव की खुशहाली की कामना कर रहे हैं। नवरात्रि के शुभारंभ के साथ ही पूरा अंचल भक्ति और आस्था के रंग में रंग गया ।

### डॉक्टर पर कार्रवाई...

कान्हा, मनीष, जोगेश्वर, ईश्वर, मिथलेश रॉकी, उमेश, सेवक, धनेश्वर साहू, जागेश्वर, नारायण, तिरथ, बलराम, ओमप्रकाश साहू, नावेद, आदि शामिल थे।

## आयोजन : सर्वसम्मति से हुआ सभी पदाधिकारियों का निर्वाचन

# महेश बने सतनामी समाज के ब्लाक अध्यक्ष, बाबूलाल युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



विगत दिनों सतनाम भवन में प्रगतिशील छग सतनामी समाज पलारी के पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष महेश ढीढी को बनाया गया, कार्यकारी अध्यक्ष बसंत जांगड़े, उपाध्यक्ष चरण तेहरवंश, मोहर सिंह चतुर्वेदी, देवप्रसाद मार्कण्डेय, पुष्पा बंजारे, सचिव लोचन बांधे, सहसचिव महेंद्र सुरतांगे कोषाध्यक्ष, हेतराम कुर्रे प्रवक्ता दाऊ लाल बांधे, मिडिया प्रभारी अवध घृतलहरे एवं कार्यकारिणी सदस्य में जगतारण कोशले, विजय बंजारे, जगजीवन जोशी, गजेन्द्र घृतलहरे, आत्मादास बांधे, विजय बंजारे, खिलेंद्र कुमार पात्र, नेमनारायण धृतलहरे, गिरधारी बांधे, थानसेन कुर्रे, राधेश्याम मार्कण्डेय, विजय नारायण घृतलहरे, नूलेश्वरी बंजारे, निशा मार्कण्डेय को सर्वसम्मति मनोनयन किया गया।

संरक्षक दुर्गाप्रसाद महेश्वर, सुमित्रा घृतलहरे, रॉबर्ट कुरील, जीवनलाल जोशी, यशवंत बांधे, रवि बंजारे, राजमहंत बद्री प्रसाद टंडन, सुनील कुर्रे को बनाया गया । ब्लाक अध्यक्ष महेश ढीढी ने समाज को लोगो का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जो विश्वास, स्नेह और समर्थन आप लोगो ने दिए है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा समाज की उन्नति में समाज के वरिष्ठों के मार्गदर्शन और सब के सहयोग से, सामाजिक भाईचारा बनाते हुए समाज के विकास में भागीदारी करेंगे ।

युवा प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल बंजारे सरपंच वटगन को बनाया गया। युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष सेवक भतपहरी, कुंजबिहारी भारद्वाज, सचिव यशवंत मनहरे व सहसचिव निखिल मांडले को नियुक्त किया गया। उक्त निर्वाचन मनोनयन प्रदेश निर्वाचन अधिकारी दिनेश बंजारे, सह निर्वाचन अधिकारी एस आर बंजारे के निर्देशन एवं प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे के मार्गदर्शन में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गणेश बघेल, जिला सचिव दीपक घृतलहरे, दुर्गा महेश्वर, सुमित्रा घृतलहरे, ललित घृतलहरे, रवि बंजारे, यशवंत बांधे, खुशबू बंजारे, फूलचंद घृतलहरे सहित समाज प्रमुखों जनप्रतिनिधि एवं 70 गांवों के ग्रामीण कमेटी के उपस्थित में संपन्न हुआ। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को समाज प्रमुखों ने बधाई दी ।

# राजस्व मंत्री ने मोहतरा में अहाता निर्माण का किया भूमिपूजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने रविवार को विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम मोहतारा में शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में अहाता निर्माण एवं अतिरिक्त क़क्ष निर्माण का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन साहु,जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन,जनपद उपाध्यक्ष सुमन वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष ग्रामीण रवि वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि स्कूलों में प्रार्थना शेड सहित आवश्यकता अनुसार अहाता निर्माण एवं अतिरिक्त क़क्ष का निर्माण किया जा रहा है। हमारी सरकार शिक्षा व्यवसथा को सुदृढ़ करने के लिए अनेक कदम उठा रही है। स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता के साथ ही सुविधाओं में विस्तार, खेल को बढ़ावा देने का काम कर रही है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रदेश को अग्रणी बनाने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने भी सम्बोधित किया।

# नारायण बने अध्यक्ष, पुष्पा महिला प्रकोष्ठ चुनी गईं अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



ग्राम चकवे (चोरभट्टी) स्थित बंजारी माता प्रांगण के साहू भवन में त्रिवर्षीय कोरासी परिक्षेत्र साहू समाज का चुनाव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माँ कर्मा की पूजा-अर्चना, नारियल फल अर्पण, तिलक एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना कर उपस्थित जनों ने समाज में एकता, संगठन और भाईचारे का संकल्प लिया।

चुनाव पूरी तरह स्वतंत्र एवं निष्पक्ष वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर 20 गांवों से आए प्रतिनिधियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष तथा महिला प्रकोष्ठ के पदों का निर्वाचन किया। चुनाव प्रक्रिया तहसील आरंग साहू समाज के निर्वाचन पदाधिकारी की देखरेख में सम्पन्न हुई। चुनाव परिणाम इस प्रकार रहे अध्यक्ष पद पर नारायण साहू 58 वोट विजयी रहे, डॉक्टर पुरुषोत्तम को 38 वोट मिले उपाध्यक्ष पद पर चैतराम साहू 58 वोट चुने गए जबकि विष्णु साहू को 38 वोट मिले सचिव पद पर चुमन साहू 62 वोट विजयी हुए। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष पद पर पुष्पा साहू 59 वोट तथा महिला संगठन सचिव पद पर श्रीमती राजीम साहू 52 वोट) निर्वाचित हुईं।



ग्राम चकवे निवासी युवा नेता सेतराम साहू ने निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि समाज सेवा का यह अवसर उनके समर्पण और कार्यकुशलता का प्रमाण है। कार्यक्रम का समापन “बोलो राजीव दाई की जय, वीर भामाशाह की जय, सर्व साहू समाज की जय, बंजारी मां की जय” के जयघोष से हुआ। समाज की ओर से सभी को नवरात्र एवं दशहरा की शुभकामनाएं दी गईं।

# साहू समाज चुनाव : गणपत अध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



तहसील साहू संघ पलारी के अंतर्गत दतान परिक्षेत्र साहू समाज का चुनाव साहू भवन ससहा में हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। मतदान प्रक्रिया सुबह 9 बजे से प्रारंभ होकर शाम तक चली, जिसमें 166 मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस बार पांच पदाधिकारियों का चयन किया गया। संगठन सचिव (पुरुष) पद पर अभिराम साहू और महिला संगठन सचिव पद पर सावित्री साहू निर्विरोध निर्वाचित हुईं।

अध्यक्ष पद के लिए कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें गणपत साहू को सर्वाधिक 77 मत प्राप्त हुए और वे विजयी रहे उनके प्रतिद्वंद्वी बेदराम को 41, रामकुमार को 22 और रोमनाथ साहू को 16 मत मिले, जबकि 10 मत निरस्त हुए। महिला उपाध्यक्ष पद पर पूर्णिमा साहू ने 91 मत पाकर ईश्वरी साहू 67 मत को हराया। पुरुष उपाध्यक्ष पद पर रामेश्वर साहू ने 91 मत से जीत दर्ज की, उनके प्रतिद्वंद्वी रामलाल साहू को 61 मत प्राप्त हुए। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद समाजजनों में खुशी का माहौल छा गया। निर्वाचित पदाधिकारियों ने समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए समाज की एकता व संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष धन्नू साहू ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि नई कार्यकारिणी समाज के विकास और अपेक्षाओं पर खरी उतरेगी।

# धौराभाठा में हुआ साप्ताहिक बाजार का शुभारंभ और शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर





ग्राम पंचायत धौराभाठा (घो.) के आश्रित ग्राम साजापाली में साप्ताहिक बाजार का शुभारंभ एवं प्रार्थना शेड व शौचालय निर्माण का शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा शुभाष जलान थे। अध्यक्षता सरपंच धनबाई साहू ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य शिव कुमारी साहू, मंडल अध्यक्ष धीरज सिंह ठाकुर, श्याम कुमार साहू और पूर्व मण्डल अध्यक्ष झाड़ू राम साहू उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत विधिपूर्वक पूजा-अर्चना से हुई और फिता काटकर बाजार व निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि धौराभाठा उनका अपना गांव है और वह हर स्तर पर विकास के लिए प्रयासरत रहेंगे। सरपंच ने बताया कि उनकी कार्यकाल में इस पंचायत के विकास के लिए 30 लाख रुपये के कार्य स्वीकृत हुए हैं। कार्यक्रम में अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि और भाजपा नेता भी उपस्थित रहे और उन्होंने विकास कार्यों की सराहना की।

# हिंदवी कैम्पस कविता प्रतियोगिता में दीपक ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

- राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता कवि के समक्ष हुआ सम्मान



रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में शनिवार और रविवार को दो दिवसीय चौथे हिंद युग्म उत्सव का आयोजन किया गया। हिन्द युग्म उत्सव देश का एक प्रतिष्ठित साहित्यिक आयोजन है, जिसमे अनेक साहित्यकारों ने भाग लिया । यह आयोजन न केवल हिंदी साहित्य प्रेमियों के लिए एक सौगात बना बल्कि देशभर से आए साहित्यकारों, कवियों और लेखकों का अनोखा संगम भी देखने को मिला। इसी क्रम में हिंदवी द्वारा कैम्पस कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता दो चरणों में पूरी हुई,प्रथम चरण में छत्तीसगढ़ भर के युवा कवियों से कविताओं की प्रविष्टि मंगाई गई,जिसमे से अंतिम दस प्रतिभागियों का चयन इस आयोजन के मुख्य मंच से कविता पाठ के लिए हुआ।द्वितीय चरण में इस प्रतियोगिता में देश के प्रख्यात कवि नरेश सक्सेना, बाबुषा कोहली और आंनद बहादुर जैसे मूर्धन्य कवि निर्णायक के रूप में रहे, जिनके सामने इन दस कवियों ने काव्यपाठ किया। इस प्रतियोगिता में अंचल के दीपक कुमार तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन के केंद्र में भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त कवि विनोद कुमार शुक्ल रहे, जिनके समक्ष विजिताओं को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि दीपक पलारी के ग्राम लकड़िया के निवासी हैं और वर्तमान में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में शोध कर रहे हैं। उनकी रुचि बचपन से ही कविताओं में रही है। इतनी कम उम्र में मिली इस बड़ी सफलता से अंचल के साहित्य प्रेमियों में हर्ष का माहौल है ।

दीपक की इस उपलब्धि पर कवि पूरन जायसवाल, रामकुमार साहू, पोखन जायसवाल, कृष्ण कुमार फेकर, अरुण वर्मा, नेहरू यादव, हितेंद्र ठाकुर, प्रकाश सेन, पंकज साहू, रामनारायण यादव, रवि चंद्राकर ने उन्हें बधाई दी है।

### बड़गांव में 25 छात्रों को बांटी गई साइकिल

**महासमुंद**। शासकीय हाई स्कूल बड़गांव में सत्र 2025-26 के लिए निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत 25 छात्राओं को साइकिल वितरित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जवाहर ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, टिकेश्वरी चक्रधारी उपसरपंच, लोकनाथ चक्रधारी अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति हाईस्कूल बड़गांव, ललित निषाद अध्यक्ष शाला विकास समिति मिडिल स्कूल बड़गांव, दानी राम, रतिराम यादव, अनिल कुमार वर्मा प्राचार्य, महेश व्याख्यातागण तथा दौवा यादव आदि उपस्थित रहे।

# सीएमएचओ ने किया स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने सोमवार को विकासखंड कसडोल अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुनी क़ा निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आवश्यक सुधार एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने एक्स-रे कक्ष, लेबर रूम तथा नवनिर्मित जन औषधि केंद्र का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने साफ-सफाई, मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता का जायजा लिया। साथ ही जन औषधि केंद्र को शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों से कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार एवं समाज की नींव है, इसलिए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## किसान कर सकते हैं जरुरत अनुसार उठाव

# खरीफ सीजन के लिए उर्वरक की भरपूर उपलब्धता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- कलेक्टर ने की खाद भण्डारण व वितरण की समीक्षा
- समितियों में 2168 मेट्रिक उर्वरक भण्डारित



जिले में खरीफ सीजन हेतु उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है, किसान जरुरत के अनुसार सहकारी समितियों से उठाव कर सकते हैं। उर्वरक को लेकर कहीं कोई समस्या नहीं है। कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को क़ृषि, सहकारिता एवं अन्य सम्बधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में उर्वरक भण्डारण एवं वितरण की समीक्षा की।

उन्होंने समितियों में उर्वरक उपलब्ध होने के उपरांत भी लंबित आर ओ के अनुसार उर्वरक की आपूर्ति कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं छूटे हुए किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अब सभी प्रकार के खातों का पंजीयन शुरू हो गया है। वनाधिकार एवं नगरीय निकाय क्षेत्र के खाता पंजीयन 30 सितम्बर तक पूरा कराएं। बताया गया कि वर्तमान में विकासखंड सिमगा में यूरिया, डीएपी एवं सुपरफास्फेट कुल 176.79 मेट्रिक टन, पलारी में 388.88 मेट्रिक टन, भाटापारा में 841मेट्रिक टन, बलौदाबाजार में 533.75 मेट्रिक टन एवं कसडोल में 227.33 मेट्रिक टन कुल 2168 मेट्रिक टन भौतिक रूप से भण्डारित है ।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
21 सितम्बर 2025 SHOW TIME
जौली LLB-3
शो समय -12:00,3:00,6:00,9:00 PM
मिराई सुपर योद्धा
शो समय - 6:00 PM
गुरु बालक दास (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# कवि, साहित्यकार समाज के जागरूक प्रहरी, लेखनी अंधाकर में फैलाती है प्रकाशः साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

राजीव लोचन साहित्य संस्था प्रांतीय इकाई द्वारा नगर भवन में आयोजित राज्य स्तरीय कवि सम्मेलन विधायक इन्द्र साव के मुख्य आतिथ्य में भव्य रूप से संपन्न हुआ। प्रथम सत्र में दिवंगत साहित्यकारों को श्रद्धांजलि दी गई और उनके परिजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में प्रदेशभर के साहित्यकारों ने काव्य पाठ कर समां बांधा।

मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र साव ने अपने उद्बोधन में कवि समाज को जागरूक प्रहरी बताते हुए कहा कि उनकी लेखनी अंधकार में भी प्रकाश फैलाती है। उन्होंने कहा कि हर रचना हमें सोचने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। इसी संदर्भ में उन्होंने भाटापारा में राजीव लोचन साहित्य भवन के लिए दस लाख रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में डॉ विनय कुमार पाठक (पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग), डॉ चितरंजन कर (भाषाविद) सहित कई गणमान्य साहित्यकार मौजूद थे। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कवि एवं साहित्यकारों ने अपनी काव्य प्रस्तुतियों से समां बांधा। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र पाटकर, सुमन शर्मा,अजय अमृतांशु और निवेदिता वर्मा ने किया। इस आयोजन में प्रांताध्यक्ष ऋषि साव, संरक्षकगण- रामेश्वर शर्मा, मुरारी लाल साव,सुशील भोले, प्रांतीय पदाधिकारी- राजेश चौहान, राममंणी यादव, कल्याणी तिवारी, एवं रामचन्द्र वर्मा सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से कवि एवं साहित्यकार उपस्थित थे।

## दिवंगत साहित्यकारों को सम्मानित कर ताजा की गईं भावपूर्ण यादें



### सम्मान और पुस्तक विमोचन

साहित्य संस्था के प्रांतीय अध्यक्ष ऋषि साव की मांग पर विधायक द्वारा दिए गए इस अनुदान की घोषणा के साथ वरिष्ठ साहित्यकार बलदेव भारती को "राजीव लोचन साहित्य रत्न" से सम्मानित किया गया। साथ ही अनिता झा एवं डॉ पी.सी.लाल यादव की कृतियों का भी विमोचन हुआ।

## खबर संक्षेप

### नवरात्रि पर मां दुर्गा की चैतन्य झांकी का आयोजन

**खरोरा।** नवरात्रि पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय खरोरा द्वारा 26 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक "मां दुर्गा की चैतन्य झांकी" का भव्य आयोजन प्रभु उपहार भवन, तिल्दा रोड खरोरा में होगा। प्रतिदिन शाम 6:30 से रात 10 बजे तक देवी स्वरूप में जीवंत झांकी, मन की एकाग्रता का अद्भुत प्रदर्शन तथा ध्वनि-प्रकाश का अनोखा संयोजन मुख्य आकर्षण रहेगा। आयोजकों ने बताया कि 3 अक्टूबर से "खुशहाल जीवन शैली" विषय पर पांच दिवसीय शिविर आयोजित किया जाएगा, जो सुबह 7 से 8 बजे व शाम 6 से 7 बजे तक चलेगा। संस्था ने नागरिकों से सपरिवार शामिल होने की अपील की।

### जीएसटी समाप्त का निर्णय स्वागत योग्य

**पलारी।** केन्द्र सरकार द्वारा जीवन बीमा एवं स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर लगने वाले जीएसटी को समाप्त किए जाने का निर्णय स्वागत योग्य है, सरकार का यह निर्णय निवेशकों एवं बीमा कंपनियों के लिए वरदान साबित होगा। स्थानीय बीमा अभिकर्ता ओम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि अब सभी प्रकार की बीमा योजनाओं की प्रीमियम में लगने वाली जीएसटी को समाप्त किए जाने से बीमा लेना सरल एवं आसान हो जायेगा। केन्द्र सरकार के इस फैसले से जहां बीमा धारकों को सीधा लाभ मिलेगा वहीं बीमा कंपनियों की कारोबारी में वृद्धि होगी।



### शराब की अवैध बिक्री के दो मामलों में आरोपियों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बसना और सरायपाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शराब की अवैध बिक्री के मामलों में आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। बसना पुलिस ने बताया मुखबीर से मिली सूचना के बाद मनटोरी बाई कालसा की बाड़ी में पहुंचकर शराब जब्त किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मनटोरी कालसा पति तिजराम कालसा (30 साल) भंवरपुर बसना होना बताया। आरोपी के कब्जे से 7 लीटर अवैध महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी महिला के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया। वहीं सरायपाली थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 08 जलपुर से फिरन पटेल पिता स्व. शिवकुमार पटेल (34 वर्ष) के कब्जे से 20 लीटर देशी हाथ महुआ शराब कीमत 4000 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## पर्व : नवरात्रि के पहले दिन पर भव्य आयोजन में उमड़ा जनसैलाब

# सुहेला में 51 दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला



ग्राम सुहेला में नवरात्रि महोत्सव के शुभ अवसर पर 51 दुर्गा माता की प्रतिमाओं की स्थापना की गई, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। मुख्य आयोजन त्रिगड्डा चौक में युवा दुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से भव्य रूप में संपन्न हुआ। आज प्रथम दिवस पर विधिवत दुर्गा स्थापना पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पूजा का शुभारंभ पंडित ललित शर्मा द्वारा विधि-विधान से किया गया। उन्होंने मंत्रोच्चारण एवं वैदिक रीति से माता दुर्गा की बेदी पूजा संपन्न कराई। इस अवसर पर गांव में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। जगह-जगह पंडालों की आकर्षक सजावट, भक्ति संगीत और रंग-बिरंगी रोशनी ने वातावरण को और भी पावन बना दिया। स्थानीय युवाओं की सहभागिता और ग्रामीणों की एकजुटता से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, और पूरे गांव में नवरात्रि पर्व की भव्य शुरुआत हुई।

### देवालयों व पंडालों में विराजित हुईं मां दुर्गा, पहले दिन हुई मां शैलपुत्री की पूजा

**पलारी।** अँचल में सोमवार 22 सितंबर से हर्षोल्लास के साथ नवरात्र प्रारंभ हो गया है, माता के भक्त ट्रैक्टर, पिकअप आदि वाहनों से भक्त जयकारे लगाते हुए शेरोवाली माँ दुर्गा की प्रतिमा ले जाकर पंडालों तथा देवालयों में शुभ मुहूर्त में स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की, नवरात्र पर माँ दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होंगी । पहले दिन वृषभ पर सवार शैलपुत्री की आराधना की गई, दाहिने हाथ में त्रिशूल, बाएं हाथ पर कमल पुष्प शोभित माँ का स्वरूप रक्तवर्ण है। माँ को उनकी पसंद की पुष्प गुलमोहर अर्पित की गई इसी के साथ शुभ मुहूर्त में मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की गई।



## माता शीतला देवी के मंदिरों में भक्तों की भीड़, मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

**खरोरा ।** खरोरा सहित आस पास गांव मे शारदीय नवरात्र पर्व धुम देखा जा रहा है आज माता के प्रथम दिन जहां माता को मंदिरों मे माता के भक्त माता के दरबार मे पहूँच पूजा पाठ कर माता आराधना मे डूबे नजर आये वही मनोकामना ज्योति कलश का प्रज्ज्वलित कर परिवार जनों के सुख शांति व समृद्धि के लिये माता को याद किया। खरोरा के शीतला मंदिर मे नवरात्र के अवसर पर माता शीतला देवी के भक्त माता भक्त सुबह से ही परिवार के सुख शांति कामना लिए मंदीर पहुचने लगे । इस दौरान मंदीर समिति के द्वारा माता शीतला मे मनोकामना जोत स्थापित करने की व्यवस्था की गई थी । करीब 12 बजे मुख्य जोत नगरवासियों की उपस्थित मे खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन, मंदीर समिति संरक्षक पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद देवांगन, पूर्व पार्षद भरत कुम्भकार सहित मंदीर समिति के अध्यक्ष राजाराम सिन्हा, उपाध्यक्ष वर्मा, कमल वर्मा, कोषाध्यक्ष बालकिसन निर्मलकर, बलद देवांगन की उपस्थित मे पूरे विधि-विधान से पूजा-पाठ कर मुख्य जोत को जलाया गया । इसके बाद मंदीर के ज्योति कमरे मे स्थापित खरोरा सहित दूर दराज के माता भक्तो द्वारा 360 मनोकामना ज्योति कलश जलाया गया । बता दे खरोरा व आस पास गांव मे सुबह से ही माता के पंडाल के सजने के बाद माता रानी की मुर्ति को स्थापित करने के काम समिति द्वारा पूरे विधि-विधान पूर्वक सम्पन्न किया गया ।

- नगरवासियों और गणमान्य व्यक्तियों ने विधिवत किया पर्व का शुभारंभ



## जय माता दी...



**गोपालपुर ।** गोपालपुर दुर्गा स्थापना एवं कलश यात्रा में गांव के सैकड़ों महिलाएं हुई शामिल ।

## हमारी सरकार चाहती है कि बेटियां पढ़ लिख कर आगे बढ़ें: शिवरतन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस पर भाटापारा विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल गोढ़ी (टी) में छत्तीसगढ़ सरकार की सरस्वती साइकिल योजना के तहत नवीं कक्षा की 34 छात्राओं को साइकिल वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने छात्राओं को साइकिल वितरित की और विद्यालय परिसर में अतिरिक्त कक्षा निर्माण के लिए भूमिपूजन भी किया।

कार्यक्रम की शुरुआत शिवरतन शर्मा एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर की। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने नवरात्र पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा सरकार क्षेत्रवासियों को सीधे लाभ पहुंचाने के कार्य में सतत लगी हुई है। साइकिल मिलने से दूर-दराज के गांवों की छात्राओं को आवागमन में सुविधा होगी और वे स्कूल नियमित आ सकेंगी। यह योजना ड्रॉपआउट बच्चों की संख्या कम करने और शिक्षा में सुधार लाने में सहायक होगी।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि सरकार हर जरूरत के हिसाब से सोच-समझकर कार्य कर रही है। उनका उद्देश्य बेटियों को शिक्षित करना और उन्हें आगे बढ़ाना है। छात्राओं ने साइकिल की घंटी बजाकर खुशी व्यक्त की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुनील यादव, सरपंच प्रतिनिधि गजानंद मरावी, विद्यालय प्राचार्य विपिन दुबे, एवं ग्रामवासी सहित शाला परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

- भाटापारा में 34 छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल का वितरण
- अतिरिक्त कक्षा निर्माण के लिए वरिष्ठ नेता ने किया भूमिपूजन

## रोजगार मेला में 358 युवाओं का हुआ प्राथमिक चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार मेला में 358 युवाओं का प्राथमिक चयन हुआ। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला का आयोजन 18 सितम्बर 2025 को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बलौदाबाजार में आयोजित किया गया। इसमें निजी क्षेत्र के 21 नियोजकों द्वारा अपनी-अपनी संस्थानों के विभिन्न पदों के लिये उपस्थित आवेदकों का योग्यता अनुसार साक्षात्कार लिया गया ।

जिसमें से 358 आवेदकों को कम्पनी द्वारा प्राथमिक चयन किया गया एवं 43 आवेदकों को मेला स्थल पर ऑफर लेटर प्रदान किया गया। इसके साथ ही हम होंगे कामयाब अंतर्गत 60 युवाओं को भी ऑफर लेटर दिया गया। मेले में अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के लिये 2 नियोजकों द्वारा 52 आवेदकों का साक्षात्कार लिया गया जिसमें 28 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया है। समस्त नियोजकों द्वारा प्राथमिक रूप से चयनित आवेदकों को समस्त मूल दस्तावेज एवं छाया प्रति के साथ 7 दिवस के अंदर अपने-अपने संस्थानों में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है ताकि अंतिम चयन की प्रक्रिया पूर्ण किया जा सकें।

## छत्तीसगढ़ सरकार व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की साझेदारी से बालिका शिक्षा में बड़ा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाज़ार

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन के साथ मिलकर उल्लेखनीय पहल की गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने 10 सितंबर को छत्तीसगढ़ में इस स्कॉलरशिप का शुभारंभ किया। पात्र छात्राएं 30 सितम्बर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। उल्लेखनीय है कि अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप पहल के तहत ज़रूरतमंद छात्राओं को कॉलेज शिक्षा हासिल करने के लिए मदद की जाती है।

इस स्कॉलरशिप के तहत कॉलेज की शिक्षा हासिल करने के लिए मदद के तौर पर वार्षिक 30,000 रुपयों की सहायता की जाती है। यह स्कॉलरशिप छात्राओं के पहले ग्रैजुएशन के लिए डिग्री या डिप्लोमा पूरा होने तक उपलब्ध कराई जाएगी। जिसकी अधिकतम अवधि 5 वर्ष होगी। किसी भी सरकारी स्कूल से 10वीं और 12वीं कक्षा नियमित छात्रा के रूप में उत्तीर्ण की हो। छात्रा ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में किसी मान्यता प्राप्त स्नातक डिग्री या डिप्लोमा पाठ्यक्रम (अवधि 2 से 5 वर्ष) के प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया हो। यह प्रवेश भारत में किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के सरकारी या विश्वसनीय एवं प्रामाणिक निजी कॉलेज या विश्वविद्यालय हो सकता है। अगर छात्रा ने वर्ष 2025-26 या उससे पहले अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के किसी भी कोर्स या प्रोग्राम में प्रवेश लिया हो अथवा छात्रा को विप्रो द्वारा प्रदान की जाने वाली कोई भी फेलोशिप मिली हो तो ऐसी छात्रायें इस स्कॉलरशिप हेतु अपात्र होंगी।

### कैसे करें आवेदन

पात्र छात्राएं आवेदन हेतु पासपोर्ट आकार में रंगीन फोटो की स्कैन कॉपी। इस फोटो में आवेदक के चेहरे का सामने वाला हिस्सा साफ़-साफ़ दिखाई देना चाहिए। आवेदक सेल्फ़ी, दूसरे तस्वीर से काटी गई, एडिट की गई या फ़्लिटर लगी हुई, इमोजी लगी हुई, किसी दूसरी व्यक्ति के साथ ली गई, चेहरा ढँकी हुई तस्वीर बिलकुल अपलोड न करें। इसके अलावा साफ़ और सफ़ेद कागज़ पर हस्ताक्षर की फोटो या स्कैन कॉपी भी अपलोड करनी होगी। आधार कार्ड अनिवार्य रूप से अपलोड करना होगा। आधार कार्ड के सामने वाले हिस्से की रंगीन स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी। इसमें स्पष्ट रूप से नाम, फोटो और जेंडर दिखाई देना चाहिए। आधार कार्ड की फोटोकॉपी, ब्लैक-एण्ड-व्हाइट कॉपी, स्क्रीनशॉट या लॉक की हुई कॉपी का स्कैन अपलोड न करें।

**जिले के प्रभारी मंत्री बघेल का दौरा आज : महासमुंद।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल 23 सितंबर को महासमुंद जिले के दौरे पर रहेंगें। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार वे 10:30 बजे नवा रायपुर से ग्राम खट्टी महासमुंद के लिए प्रस्थान करेंगे। तत्पश्चात प्रातः 11:30 बजे वे ग्राम खट्टी में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे ।

कैंसर सर्जरी
पश्चात अंगों का
पुन:निर्माण
(जबड़ा, स्तन व अन्य)
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

### फसल प्रविष्टि की त्रुटि सुधार हेतु तीन स्तर पर सत्यापन प्रक्रिया

# डिजिटल फसल सत्यापन के लिए हुआ प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



राज्य शासन के निर्देशानुसार आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन करने से पूर्व एग्रीस्टेक पोर्टल के डिजिटल काप सर्वे एवं भुंइया साफ्टवेयर में किये गये फसल धान की प्रविष्टियों में से 5 प्रतिशत प्रविष्टि की रैण्डम सत्यापन हेतु एक मोबाईल एप्प तैयार किया गया है। इस एप्प के संचालन के सम्बन्ध में सोमवार को अधिकारी एवं कर्मचारियों को जिला खाद्य अधिकारी एवं उनके टीम द्वारा सम्पर्क केन्द्र के माध्यम से ऑनलाईन प्रशिक्षण दिया गया।

प्रथम पाली दोपहर 12.30 बजे से 01.30 बजे तक तहसील कसडोल लवन, टुंडरा एवं सोनाखान के अधिकारी-कर्मचारियों एवं द्वितीय पाली में अपरान्ह 3 से 4 बजे तक तहसील- बलौदाबाजार, पलारी, सिमगा, सुहेला एवं भाटापारा के अधिकारी - कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके तहत 3 स्तर पर फसल प्रविष्टि की रैण्डम सत्यापन किया जाना है। प्रथम चरण में एप्प के माध्यम से खसरों का सत्यापन कलेक्टर द्वारा चिन्हांकित राजस्व कृषि पंचायत आदि विभागों के अधिकारी- कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा। सत्यापन में प्रविष्टि गलत पाये जाने पर उस प्रविष्टि को भौतिक सत्यापन के आधार पर सुधार किया जाएगा। इस हेतु प्रथम चरण में सत्यापन कार्य के लिए जिले के अधिकारी- कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।




